मारबर्ग वायरस रोग का प्रकोप

[स्रोत: डाउन टू अर्थ](#)

तंज़ानिया के कागेरा क्षेत्र में मारबर्ग वायरस रोग (MVD) के संदिग्ध प्रकोप से **8 लोगों की मृत्यु** हुई जिससे यह चिंता का विषय बन गया है।

- **मारबर्ग वायरस रोग:** MVD **प्राणघातक रक्तस्रावी (Hemorrhagic) ज्वर है**, जो मारबर्ग वायरस के कारण होता है, जिसकी**मृत्यु दर 89% है** तथा इसके लिये अनुमोदित उपचार का अभाव है।
  - **लक्षण:** इस वायरस के कारण गंभीर लक्षण उत्पन्न होते हैं, जिनमें **ज्वर, सिरदर्द, खून की उल्टी और रक्तस्राव शामिल हैं**, जो इबोला वायरस के लक्षणों के समान हैं।
  - **संचरण:** मनुष्यों में इसका संचरण फ्रूट बैट (***Rousettus aegyptiacus***) **से होता है** और संक्रमित व्यक्तियों के **शारीरिक तरल पदार्थ** का अन्य व्यक्ति से प्रत्यक्ष संपर्क होने पर **यह संचरित होता है।**
  - **निदान:** व्यक्ति में इस **रोग की पुष्टि** रिवर्स ट्रांसक्रिप्शन पॉलीमरेज़ चेन रिएक्शन (RT-PCR) जैसे परीक्षणों का उपयोग करके की जाती है।
- **तंज़ानिया:** तंज़ानिया (पूर्व में **तंगानिका**) **पूर्वी अफ्रीका का सबसे बड़ा देश है और इसमें ज़ांज़ीबार, पेम्बा और माफिया** द्वीप शामिल हैं।
  - इसकी सीमा **हिंद महासागर सहित आठ देशों से लगती है।**
  - यह अफ्रीका की तीन सबसे बड़ी झीलों से परिवेशित है, जिनमेंविक्टोरिया झील **(अलवणीय जल की विश्व की दूसरी सबसे बड़ी झील), तांगानिका झील और न्यासा झील शामिल हैं।**

//

और पढ़ें: भारत तंज़ानिया संबंध

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/marburg-virus-disease-outbreak